Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

Answer Sheet No. : .....

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. _____

(In words)

Test Booklet No.

D—2004

PAPER—II

Time : 1¼ hours] **HINDI** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page and also on the Answer Sheet given inside this booklet.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   Example : (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर तथा इस पुस्तिका के अन्दर दिये गये उत्तर पत्रक पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   उदाहरण : (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

HINDI

हिन्दी

PAPER – II

प्रश्नपत्र – II

नोट : इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. मैथिली का विकास किस अपभ्रंश से माना जाता है ?

(A) शौरसेनी अपभ्रंश

(B) मागधी अपभ्रंश

(C) अर्धमागधी अपभ्रंश

(D) महाराष्ट्री अपभ्रंश

2. कीर्तिलता किस भाषा की रचना है ?

(A) अवहट्ट

(B) अपभ्रंश

(C) मैथिली

(D) ब्रज

3. संविधान के किस अनुच्छेद में देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया है ?

(A) 347

(B) 348

(C) 343

(D) 345

4. आदिकाल में किस कवि ने अवहट्ट भाषा में रचना की ?

(A) अमीर खुसरो

(B) अब्दुल रहमान

(C) कुतुबन

(D) मंझन

5. उत्तर भारत में भक्ति का प्रसार करने का श्रेय किसे प्राप्त है ?

(A) शंकराचार्य

(B) रामानुजाचार्य

(C) रामानन्द

(D) मध्वाचार्य

6. सहजोबाई किस शाखा की रचनाकार है ?

(A) कृष्णभक्ति शाखा

(B) रामभक्ति शाखा

(C) ज्ञानाश्रयी शाखा

(D) प्रेमाश्रयी शाखा

7. 'उज्ज्वलनीलमणि' के रचयिता कौन है ?

(A) रूपगोस्वामी

(B) बल्लभाचार्य

(C) विट्ठलनाथ

(D) मध्वाचार्य

8. 'चन्दायन' किस कवि की रचना है ?

(A) मलिक मुहम्मद जायसी

(B) कुतुबन

(C) मंझन

(D) मुल्ला दाऊद

9. दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास की स्थापना किसने की ?

(A) सी. राजगोपालाचारी

(B) महात्मा गांधी

(C) मोटूरि सत्यनारायण

(D) विनोबा भावे

10. (अ) 'छायावाद' राष्ट्रीय सांस्कृतिक जागरण की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है।

(ब) छायावाद का सीधा संबंध स्वाधीनता आन्दोलन से है।

इनमें से

(A) 'अ' और 'ब' दोनों सही है।

(B) 'अ' ग़लत और 'ब' सही है।

(C) 'अ' पूर्णत: और 'ब' अंशत: सही है।

(D) 'अ' और 'ब' दोनों अंशत: सही है।

11. कौन सी बोली पश्चिमी हिन्दी की नहीं है ?

(A) ब्रज

(B) खड़ी बोली

(C) बुंदेली

(D) बघेली

12. हिन्दी भाषा के मानकीकरण का सचेष्ट प्रयास किस पत्रिका में किया गया है ?

(A) सरस्वती

(B) आनन्द कादम्बिनी

(C) सुदर्शन

(D) हिन्दी प्रदीप

13. (अ) 'अनुभूति की प्रामाणिकता' नयी कहानी-आन्दोलन का प्रमुख आग्रह था।

(ब) इस आन्दोलन का आरंभ व्यक्ति केंद्रित कहानी के विरोध में हुआ था।

इनमें से

(A) 'अ' और 'ब' दोनों सही हैं।

(B) 'अ' अंशत: और 'ब' पूर्णत: सही है।

(C) 'अ' सही और 'ब' अंशत: सही है।

(D) 'अ' और 'ब' दोनों अंशत: सही है।

14. निम्नलिखित में से कौनसी बोली पूर्वी हिन्दी की नहीं है ?

(A) अवधी

(B) बघेली

(C) छत्तीसगढ़ी

(D) मालवी

15. 'कल्पना' पत्रिका का प्रकाशन किस नगर से होता था ?

(A) कलकत्ता

(B) हैदराबाद

(C) अहमदाबाद

(D) इलाहाबाद

16. 'माध्यम' पत्रिका का सम्पादक कौन है ?

(A) सत्यप्रकाश मिश्र

(B) नंदकिशोर नवल

(C) काशीनाथ सिंह

(D) रवीन्द्र कालिया

17. (अ) रेखाचित्र और संस्मरण के बीच की विभाजक रेखा बहुत सूक्ष्म है।

(ब) ये दोनों परस्पर अन्तर्मुक्त हो जाते हैं।

इनमें से

(A) 'अ' 'ब' दोनों सही हैं ।

(B) 'ब' सही 'अ' ग़लत।

(C) 'अ' 'ब' दोनों ग़लत।

(D) 'अ' सही 'ब' अंशत: सही।

18. निम्नलिखित भाषाओं के विकास का सही अनुक्रम बताइए।

(A) प्राकृत-पालि-अपभ्रंश-हिन्दी

(B) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी

(C) पालि-अपभ्रंश-प्राकृत-हिन्दी

(D) अपभ्रंश—प्राकृत—हिन्दी—पालि

19. निम्नलिखित कवियों का सही काल-क्रम बताइए।

(A) सरहपा—सोमप्रभु सूरि—गोरखनाथ—हेमचन्द्र

(B) गोरखनाथ—सोमप्रभु सूरि—सरहपा—हेमचन्द्र

(C) सरहपा—गोरखनाथ—हेमचन्द्र—सोमप्रभु सूरि

(D) सोमप्रभु सूरि—गोरखनाथ—सरहपा—हेमचन्द्र

20. किस लेखिका ने पशु-पक्षियों पर केंद्रित रचना की है ?

(A) महादेवी वर्मा

(B) सुभद्राकुमारी चौहान

(C) होमवती देवी

(D) सत्यवती मलिक

21. इन कवियों में सही कालक्रम का निर्देश कीजिए।

(A) चिंतामणि—केशवदास—मतिराम—पद्माकर

(B) मतिराम—पद्माकर—चिंतामणि—केशवदास

(C) पद्माकर—केशवदास—मतिराम—चिंतामणि

(D) केशवदास—चिंतामणि—पद्माकर—मतिराम

22. सही कृति-क्रम को पहचानिए।

(A) पल्लव—गुंजन—युगान्त—युगवाणी

(B) पल्लव—युगान्त—गुंजन—युगवाणी

(C) गुंजन—पल्लव—युगान्त—युगवाणी

(D) पल्लव—गुंजन—युगवाणी—युगान्त

23. 'सेठ बांकेमल' किसकी रचना है ?

(A) पांडेयबेचन शर्मा 'उग्र'

(B) यशपाल

(C) अमृतलाल नागर

(D) भगवतीचरण वर्मा

24. 'वारन हेस्टिंग का सांड' कहानी की रचना किसने की है ?

(A) शिवमूर्ति

(B) संजीव

(C) उदय प्रकाश

(D) सृंजय

25. हिन्दी नाटकों के मंचन में 'यक्षगान' का प्रयोग किस निर्देशक ने किया ?

(A) गिरीश कर्नाड

(B) इब्राहिम अल्काजी

(C) सत्यदेव दुबे

(D) कारंत

26. "नील परिधान बीच सुकुमार, खिला मृदुल अधखुला अंग
खिला हो ज्यों बिजली का फूल, मेघ बन बीच गुलाबी रंग"
- इन पंक्तियो में कौनसा अलंकार है ?

(A) उपमा

(B) उत्प्रेक्षा

(C) रूपक

(D) दृष्टान्त

27. निम्नलिखित आचार्यों के बीच सही काल-क्रम का निर्देश कीजिए।

(A) भामह-दण्डी-आनन्दवर्धन-क्षेमेन्द्र

(B) आनन्दवर्धन-अभिनवगुप्त-विश्वनाथ-जगन्नाथ

(C) भट्ट नायक-विश्वनाथ-कुंतक-जगन्नाथ

(D) भरत-भामह-कुंतक-जगन्नाथ

28. कृति काल-क्रम की दृष्टि से कौन-सा सही है ?

(A) रामचन्द्रिका-ललित ललाम-जगद्विनोद-बिहारी सतसई

(B) पल्लव-परिमल-लहर-नीरजा

(C) वरदान-गबन-कंकाल-चित्रलेखा

(D) कुल्लीभाट-अतीत के चलचित्र-माटी की मूरतें-पथ के साथी

29. रचनाकर काल-क्रम में सही का निर्देश कीजिए।

(A) दिनकर-बच्चन-अज्ञेय-मुक्तिबोध

(B) बच्चन-दिनकर-मुक्तिबोध-अज्ञेय

(C) अज्ञेय-दिनकर-बच्चन-मुक्तिबोध

(D) दिनकर-अज्ञेय-बच्चन-मुक्तिबोध

30. निम्नलिखित में से कृति काल-क्रम की दृष्टि से कौन-सा सही है ?

(A) वीणा-ग्राम्या-लोकायतन-कला और बूढ़ा चाँद

(B) नीहार-रश्मि-दीपशिखा-सान्ध्य गीत

(C) गीतिका-कुकुरमुत्ता-बेला-अर्चना

(D) प्रेमपथिक-झरना-लहर-आँसू

31. निम्नलिखित में से सही कृति काल-क्रम कौन-सा है ?

(A) सुखमय जीवन-शरणार्थी-ठुमरी-दो बाँके

(B) शरणार्थी-ठुमरी-सुखमय जीवन-दो बाँके

(C) दो बाँके-ठुमरी-सुखमय जीवन- शरणार्थी

(D) सुखमय जीवन-दो बाँके-शरणार्थी-ठुमरी

32. निम्नलिखित निर्गुण कवियों का सही काल-क्रम कौन-सा है ?

(A) दादू-कबीरदास-सुन्दरदास-मलूकदास

(B) मलूकदास-सुन्दरदास-कबीरदास-दादू

(C) सुन्दरदास-मलुकदास-दादू-कबीरदास

(D) कबीरदास-दादू-मलूकदास-सुन्दरदास

33. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों और कवियों को सुमेलित कीजिए।

(a)	नैया बिच नदिया डूबति जाय	1.	रहीम
(b)	अजगर करे न चाकरी पंछी करे न काम	2.	कबीर
(c)	गुरू सुआ जेइ पंथ देखावा	3.	खुसरो
(d)	तबलग ही जीबो भलो देबौ होय न धीम	4.	जायसी
		5.	मलूकदास

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	5	1	2	3
(B)	2	5	4	1
(C)	2	3	5	1
(D)	2	1	5	4

34. निम्नलिखित रचनाओं को कवियों के साथ सुमेलित कीजिए।

(a)	मृगावती	1.	जायसी
(b)	मधुमालती	2.	मुल्ला दाऊद
(c)	चन्दायन	3.	उसमान
(d)	अखरावट	4.	कुतुबन
		5.	मंझन

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	2	3	5	4
(B)	3	2	1	4
(C)	4	5	2	1
(D)	1	2	3	4

35. निम्नलिखित में से अध्यायों के नाम और रचनाओं को सुमेलित कीजिए।

(a)	समय	1.	साकेत
(b)	काण्ड	2.	पद्मावत
(c)	खण्ड	3.	रामचरित मानस
(d)	सर्ग	4.	पृथ्वीराज रासो
		5.	कबीर ग्रंथावली

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	4	3	2	1
(B)	2	3	4	5
(C)	1	2	3	4
(D)	3	2	1	4

36. निम्नलिखित ग्रंथों को आलोचकों के साथ सुमेलित कीजिए।

(a)	बिहारी सतसई	1.	लाला भगवान दीन
(b)	देव और बिहारी	2.	कृष्ण बिहारी मिश्र
(c)	बिहारी	3.	विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(d)	बिहारी और देव	4.	पदम्सिंह शर्मा
		5.	महावीरप्रसाद द्विवेदी

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	4	2	3	1
(B)	3	1	2	5
(C)	4	2	1	3
(D)	5	4	1	2

37. निम्नलिखित नाटककारों और नाटकों को सुमेलित कीजिए।

(a)	लक्ष्मीनारायण लाल	1.	अमर राठौर
(b)	पं. उदयशंकर भट्ट	2.	कर्त्तव्य
(c)	श्री चतुरसेन शास्त्री	3.	राक्षस का मंदिर
(d)	सेठ गोविंददास	4.	विक्रमादित्य
		5.	शिवसाधना

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	1	2	4	3
(B)	2	3	1	4
(C)	3	4	1	2
(D)	5	1	4	3

38. 'विखंडन' की अवधारणा का संबंध किस 'वाद' से है ?

(A) आधुनिकतावाद

(B) संरचनावाद

(C) नयी समीक्षा

(D) उत्तर आधुनिकतावाद

39. वृन्द-सतसई की विषयवस्तु क्या है ?

(A) नायिका-भेद

(B) श्रृंगार

(C) नीति

(D) भक्ति

40. 'चित्राधार' किसकी रचना है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) मुकुटधर पाण्डेय

(D) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल'

41. 'मेरी तेरी उसकी बात' किसकी रचना है ?

(A) भगवतीचरण वर्मा

(B) यशपाल

(C) उदयशंकर भट्ट

(D) अमृतलाल नागर

42. ब्रजबुलि का प्रयोग कहाँ होता है ?

(A) बिहार

(B) ब्रजक्षेत्र

(C) उड़ीसा

(D) बंगाल

43. भारतेन्दु के अनुसार हिन्दी नयी चाल में कब ढली ?

(A) 1880

(B) 1857

(C) 1873

(D) 1860

44. निम्नलिखित में से अर्थालंकार कौनसा है ?

(A) प्रतिवस्तूपमा

(B) अनुप्रास

(C) यमक

(D) वक्रोक्ति

45. रामकथा पर आधारित काव्य कौनसा है ?

(A) आत्मजयी

(B) अग्निलीक

(C) भूमिजा

(D) रश्मि रथी

46. 'छायावाद का पतन' किस लेखक की कृति है ?

(A) शान्तिप्रिय द्विवेदि

(B) रामविलास शर्मा

(C) विजयदेव नारायण साही

(D) देवराज

47. इनमें कौन 'तार सप्तक' का कवि नहीं है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) गजानन माधव मुक्तिबोध

(C) शमशेर बहादुर सिंह

(D) भारतभूषण अग्रवाल

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रसाद जी अपने युग की राष्ट्रीय भावनाओं को प्रतिबिंबित करते थे पर उनका इतिहास-बोध सिर्फ भावनात्मक नहीं था। भारतीय इतिहास का उनका ज्ञान बहुत गहरा था और उसके बारे में अपनी निर्मोह सत्यशोधक दृष्टि से चलते उनकी विचारणा बहुत मौलिक और स्वतंत्र थी। इस मामले में वे 'प्रियंब्रूयात्' के कतई कायल नहीं थें। वास्तविकता यह है कि लोकप्रिय भावनाओं का इस्तेमाल उन्होंने अपनी उस बेहद आत्मालोचनापूर्ण दृष्टि को प्रस्तुत करने के लिए ही किया। वे भारतीय जीवन ही नहीं, भारतीय आचरण के भी प्रखर द्रष्टा आलोचक थे। उनके नाटकों में हमें इतिहास का गौरव ही नहीं, उसकी कुंठा, त्रास और ऊब का भी उतना ही हिलानेवाला साक्षात्कार मिलता है। उनके नाटकों की दुनिया में जो उथल-पुथल और हाहाकार है, वह सिर्फ घटना-चक्र में ही नहीं उनके पात्रों के अंतर्जीवन में भी है। उनके नाटकों में चरित्र अक्सर चरित्र से ज्यादा मनोवैज्ञानिक वृत्तियों और शक्तियों का प्रतिनिधित्व करने लगते हैं। यही वह सदाबहार, सदा प्रासंगिक जीवन है जो उनके नाट्य-लेखन की असली प्रेरणा है; न कि एक तथाकथित अतीत के तथाकथित प्रसिद्ध नायक-नायिकाएँ।

48. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा सत्य है ?

(A) प्रसादजी की रचनाओं में उनकी भावनाएँ व्यक्त हुई हैं।

(B) उनका लेखन ऐतिहासिक भावभूमि पर आधारित नहीं है।

(C) उनके इतिहास-बोध में वैचारिकता का समावेश है।

(D) उनका इतिहास-बोध उनकी युगीन दृष्टि का पोषक नहीं हैं।

49. अनुच्छेद की शैली में :

(A) प्रभावाभिव्यंजकता है।

(B) विवेचन-विश्लेषण प्रमुख है।

(C) अंलकरण की प्रधानता हैं।

(D) वर्णनात्मकता हैं।

50. अनुच्छेद का लक्ष्य हैं।

(A) प्रसाद के साहित्यिक अवदान से परिचित कराना ।

(B) प्रसाद की राष्ट्रीय सांस्कृतिक चेतना से परिचित कराना।

(C) प्रसाद साहित्य के छायावाद की विशेषताओं का निरूपण करना।

(D) प्रसाद के साहित्य की कलागत विशेषताओं का परिचय देना।

- o O o -

Space For Rough Work

उत्तरमाला

1. (C)	2. (B)	3. (C)	4. (B)	5. (C)	6. (C)	7. (A)	8. (D)	9. (B)	10. (D)
11. (D)	12. (A)	13. (C)	14. (D)	15. (D)	16. (B)	17. (A)	18. (B)	19. (C)	20. (A)
21. (D)	22. (A)	23. (C)	24. (C)	25. (C)	26. (B)	27. (D)	28. (C)	29. (A)	30. (A)
31. (D)	32. (D)	33. (B)	34. (C)	35. (A)	36. (C)	37. (C)	38. (B)	39. (C)	40. (A)
41. (B)	42. (D)	43. (C)	44. (A)	45. (C)	46. (D)	47. (C)	48. (C)	49. (B)	50. (B)